# आचार संहिता

## Yara के व्यावसायिक भागीदारों के लिए



**हमारा मिशन**
ज़िम्मेदारी से दुनिया का पोषण एवं धरती की सुरक्षा करना.

**हमारा विजन**
एक सहयोगपूर्ण समाज का निर्माण करना; एक ऐसी दुनिया जहां कोई भूखा न रहे और धरती का ध्यान रखा जाए.

Collaboration Curiosity Accountability Ambition

Yara के प्रत्येक व्यावसायिक भागीदार को, जिसमें आपूर्तिकर्ता, वितरक, एजेंट, पुनर्विक्रेता, संयुक्त उपक्रम भागीदार, ग्राहक और रणनीतिक भागीदार भी शामिल हैं, हमारे मिशन, विजन और मूल्यों के अनुरूप, Yara की सफलता में योगदान देने वाली दुनियाभर में स्थित टीम के एक महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में मान्यता दी जाती है. Yara के व्यावसायिक भागीदारों हेतु आचार संहिता उन सभी व्यक्तियों और कंपनियों पर लागू होती है जिनके साथ Yara के व्यावसायिक संबंध हैं, चाहे उनकी व्यावसायिक प्रकृति, लेन-देन की पद्धति या अवधि कुछ भी हो. इसमें सभी विधिक प्रकार, स्वामित्व संरचनाओं वाली और किसी भी क्षेत्राधिकार में गठित कंपनियां शामिल हैं. हमारा लक्ष्य, Yara की तरह समान कॉर्पोरेट मूल्यों को साझा करने वाले व्यावसायिक भागीदारों के साथ संबंध विकसित करना और एक नैतिक तरीके से व्यापार का संचालन करना है.

इस दस्तावेज़ में इन बातों की रूपरेखा दी गई है:

**a)** Yara के व्यावसायिक भागीदारों के लिए सख्त कानूनी दायित्व, जिनमें ऐसे अनिवार्य रूप से पालन किए जाने वाले मानक और विनियामक आवश्यकताएं शामिल हैं जिनका Yara के साथ व्यवसाय करते समय पालन करना आवश्यक है.

**b)** अपेक्षित मानक जिनमें ऐसे वांछित मानक शामिल हैं जिन्हें Yara अपने व्यावसायिक भागीदारों से लागू किए जाने की अपेक्षा करता है.

Yara सख्त कानूनी दायित्वों के तात्विक उल्लंघनों के मामले में व्यावसायिक संबंधों को बंद करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और अपेक्षित मानकों के उल्लंघन के मामले में अपने व्यावसायिक भागीदारों के साथ संशोधक उपायों का समर्थन करेगा. Yara इस दस्तावेज़ में उल्लिखित दायित्वों और अपेक्षाओं के संबंध में व्यावसायिक भागीदारों के अनुपालन की निगरानी या निरीक्षण करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है.

कदाचार या अनैतिक व्यावसायिक गतिविधियों की गुमनाम रिपोर्ट Yara नैतिकता हॉटलाइन के माध्यम से औपचारिक तौर पर दर्ज की जा सकती है, जो **www.yara.com** पर उपलब्ध है

## Yara के व्यावसायिक भागीदारों के लिए कानूनी दायित्व

### 1) सामान्य अनुपालन

Yara के व्यावसायिक भागीदार हमारे सभी किए जाने वाले सभी व्यावसायिक लेन-देन के संबंध में लागू सभी कानूनों और विनियमों का पालन करेंगे, जिनमें नीचे दिए गए आइटम 2-10 शामिल हैं लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, साथ ही इस दस्तावेज़ में निर्धारित मानकों के किसी भी संदिग्ध उल्लंघन या किसी अन्य प्रकार के गैर-अनुपालन की स्थिति में, तथ्यों के संयुक्त सत्यापन की अनुमति देते हुए, Yara को सूचित करेंगे. यह Yara के व्यावसायिक भागीदारों और उनके उप संविदाकारों, दोनों पर ही लागू होता है.

### 2) रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी

Yara के व्यावसायिक भागीदार व्यावसायिक नैतिकता के उच्चतम मानकों को बनाए रखेंगे, लागू कानूनों का पालन करेंगे और रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी, सुविधा युक्त भुगतान, कमीशन, दलाली, अवैध उपहार और जबरन वसूली सहित सभी प्रकार के भ्रष्टाचार से दूर रहेंगे. Yara सुविधा युक्त भुगतान को भ्रष्टाचार मानता है और इसके प्रति शून्य-सहिष्णुता की नीति अपनाता है. व्यावसायिक भागीदार अपनी व्यावसायिक गतिविधियों और Yara के साथ अपने संबंधों को लेकर धोखाधड़ी रोकने के लिए उचित और स्थिति के अनुरूप उपाय करेंगे.

### 3) काले धन को वैध बनाना

Yara के व्यावसायिक भागीदार सभी लागू काले धन को वैध बनाने के विरोधी कानूनों और विनियमों का पालन करेंगे और किसी भी रूप या स्थान पर काले धन को वैध बनाना या संबंधित गतिविधियों में किसी भी तरह से शामिल होना रोकने के लिए कड़े नियंत्रण और सुरक्षा उपाय लागू करेंगे.

### 4) प्रतिबंध और निर्यात नियंत्रण

Yara के व्यावसायिक भागीदार सभी लागू आर्थिक प्रतिबंधों, व्यापार प्रतिबंधों और निर्यात नियंत्रण संबंधी कानूनों और विनियमों का पालन करेंगे. व्यावसायिक भागीदार ऐसे किसी भी लेन-देन में शामिल नहीं होंगे जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऐसे प्रतिबंधों का उल्लंघन करता हो या लागू प्रतिबंध व्यवस्थाओं से बचने का प्रयास करता हो.

### 5) निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा

Yara प्रतिस्पर्धा-विरोधी समझौतों या आचरण को सख्ती से प्रतिबंधित करता है, जिसमें कीमतें तय करना, वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति को प्रतिबंधित करना, बोली में हेराफ़ेरी करना और मार्केट शेयरिंग शामिल है. हम अपने व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा करते हैं कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के लिए प्रतिबद्ध रहें और प्रासंगिक प्रतिस्पर्धा कानूनों और विनियमों का पालन करें.

### 6) उत्पादों का उपयोग

Yara अवैध उद्देश्यों के लिए अपने उत्पादों के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं करेगा. इसमें अवैध ड्रग और अवैध विस्फ़ोटकों के उत्पादन में तैयार उत्पादों, मध्यवर्ती और कच्ची सामग्रियों के रूप में दुरुपयोग शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं. कानूनी और नियामक ढांचों को मज़बूत करने के अपने संकल्प के तहत, Yara अपने व्यावसायिक भागीदारों को उनकी इस जिम्मेदारी के प्रति लगातार जागरूक करता है कि वे अपनी आपूर्ति श्रृंखला में पर्याप्त निगरानी प्रणालियां लागू करें, ताकि दुरुपयोग को रोका जा सके या उसका तुरंत पता लगाकर उसका समाधान किया जा सके. लागू कानूनों और विनियमों और खतरनाक पदार्थ प्रबंधन से संबंधित Yara के लिखित दिशानिर्देशों का अनुपालन करना भी एक आवश्यकता है.

आगे जारी है

## 7) बाल या बंधुआ मज़दूरी

Yara मानव तस्करी, अनैच्छिक श्रम, बंधुआ या जबरन श्रमिक का उपयोग नहीं करेगा और हमारी ओर से किसी को भी ऐसा करने देना स्वीकार नहीं करेगा. व्यावसायिक भागीदारों द्वारा बाल श्रमिक का कोई भी उपयोग अंतरराष्ट्रीय रूप से मान्यता प्राप्त मानकों जैसे कि UNICEF और ILO के दिशानिर्देशों के साथ-साथ स्थानीय कानून का पालन करते हुए किया जाएगा. व्यावसायिक भागीदारों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे भर्ती किए गए श्रमिकों की आयु का सत्यापन करने के लिए कुशल आंतरिक नियंत्रण क्रियान्वित करेंगे.

## 8) भेदभाव और उत्पीड़न

Yara की अपेक्षा है कि हमारे व्यावसायिक भागीदारों के सभी कर्मचारियों के साथ सम्मान और गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाए और अवसरों की समानता, जाति, रंग, धर्म, लिंग, आयु, राष्ट्रीय मूल, यौन अभिविन्यास, वैवाहिक स्थिति या दिव्यांगता पर ध्यान दिए बिना, पूरी तरह से योग्यता पर आधारित हो. Yara के व्यावसायिक भागीदारों को एक निष्पक्ष कार्य परिवेश का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए और नियुक्ति और नियोजन प्रक्रियाओं में भेदभाव से संबंधित सभी लागू स्थानीय कानूनों का पालन करना चाहिए.

## 9) सुरक्षित और स्वस्थ कार्य परिवेश

Yara के व्यावसायिक भागीदार उनके कर्मचारियों और ठेकेदारों को अंतरराष्ट्रीय मानकों और राष्ट्रीय कानूनों के अनुपालन में एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्य परिवेश उपलब्ध कराएंगे.

## 10) गोपनीयता और डेटा प्राइवेसी

Yara के व्यावसायिक भागीदार लागू डेटा प्राइवेसी कानूनों और विनियमों का पालन करेंगे.

# Yara के व्यावसायिक भागीदारों के लिए अपेक्षित मानक

## 1) सामान्य अपेक्षा

Yara के व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा की जाती है कि वे लागू पर्यावरणीय, सामाजिक और गवर्नेंस (ESG) संबंधी कानूनों और विनियमों का पालन करें और नीचे आइटम 2-9 में निर्धारित समान मानकों को बनाए रखें, साथ ही अपने व्यावसायिक भागीदारों और उप-ठेकेदारों से भी इन्हीं मानकों का पालन करने की अपेक्षा करें, खासतौर पर Yara के लिए व्यवसाय करते समय.

## 2) वैल्यू चेन में मानवाधिकार

व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने संचालन और व्यावसायिक संबंधों से जुड़ी प्रासंगिक और सटीक जानकारी देकर मूल्य श्रृंखला में मानवाधिकारों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों की पहचान करने, उन्हें रोकने और कम करने में Yara का सहयोग करें, जैसा कि Yara को अपने उचित परिश्रम और रिपोर्टिंग से जुड़े दायित्वों को पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए उचित रूप से आवश्यक हो.

## 3) व्यापार संबंधी उपहार और आतिथ्य

Yara का मुख्य नियम यह है कि हम उपहार देना या लेना पसंद नहीं करते. Yara के कर्मचारी, अपने प्रबंधक से लिखित स्वीकृति के बिना 75 USD से अधिक मूल्य के उपहार न ही दे सकते हैं या न ही स्वीकार कर सकते हैं. Yara के कर्मचारी उपहार देकर और/या आतिथ्य देकर दूसरों को प्रभावित करने या दूसरों से प्रभावित होने की कोशिश नहीं करेंगे.

## 4) आवागमन की स्वतंत्रता, संगठन बनाने की स्वतंत्रता एवं सामूहिक सौदेबाज़ी

Yara अपने व्यावसायिक साझेदारों से अपेक्षा करता है कि वे अपने कर्मचारियों के संगठन बनाने की स्वतंत्रता के अधिकार का सम्मान करें और उसे बनाए रखें, जिसमें श्रमिक संघों (ट्रेड यूनियनों) अथवा समान प्रकार के बाह्य प्रतिनिधि संगठनों से जुड़ने का अधिकार भी शामिल है. उनके कर्मचारियों के पास लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार सामूहिक सौदेबाज़ी का अधिकार होना चाहिए और कर्मचारियों के लिए किसी व्यापार संघ या अन्य प्रतिनिधि निकाय में शामिल न होना चुनने का अधिकार होना चाहिए. जहां ये अधिकार प्रतिबंधित हैं, हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे व्यावसायिक भागीदार प्रभावी कर्मचारी (श्रमिक)-कर्मचारी सहयोग के लिए वैकल्पिक साधन खोजें. व्यावसायिक भागीदारों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वह सुनिश्चित करें कि उनके कर्मचारी अपनी भर्ती की प्रक्रिया से संबंधित वित्तीय भार से मुक्त रहें, जैसे कि शुल्क और संबंधित खर्च. साथ ही, वे यह भी सुनिश्चित करें कि कर्मचारियों की आवागमन की स्वतंत्रता किसी भी तरह से प्रतिबंधित नहीं है.

## 5) हितों के टकराव

Yara अपने कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा करता है कि वे वास्तविक, संभावित या कथित हितों के टकराव की स्थितियां तुरंत उजागर करें और उनका समाधान करें.

## 6) समान वेतन और कार्य के घंटे

व्यावसायिक साझेदारों से अपेक्षा की जाती है कि वे व्यक्तिगत विश्वास या किसी भी व्यक्तिगत विशेषताओं की परवाह किए बिना कर्मचारियों को उनके किए गए कार्य के लिए उचित भुगतान करें. कर्मचारियों, सलाहकारों या ठेकेदारों के लिए व्यक्तिगत मुआवजा, केवल स्थिति, प्रदर्शन और क्षमता के आधार पर भिन्न होगा. सभी तरह का पारिश्रमिक कम से कम लागू न्यूनतम वेतन संबंधी आवश्यकताओं के अनुरूप होना चाहिए और कर्मचारियों व उनके परिवारों के लिए सम्मानजनक जीवन-स्तर सुनिश्चित करने के लिए जीवन-यापन योग्य वेतन देने का प्रयास किया जाना चाहिए. व्यावसायिक भागीदारों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे कार्य -समय और आराम की अवधियों पर लागू कानूनों और विनियमों का पालन करें.

## 7) मूल निवासी

Yara अपने व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा करता है कि वे अपने संचालन से प्रभावित मूल निवासियों की पहचान करें और उनके अधिकारों को मान्यता दें, साथ ही मूल निवासियों के अधिकारों का सम्मान करें और उनके उल्लंघन को रोकें. स्वदेशी लोगों को यह अधिकार है कि उन्हें प्रभावित करने वाले निर्णयों के बारे में उन्हें सूचित किया जाए और इसके बाद उनकी सहमति ली जाए.

## 8) पर्यावरण की सुरक्षा और पर्यावरणीय प्रभाव

व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा की जाती है कि वे सभी लागू पर्यावरणीय कानूनों और विनियमों के अनुपालन में काम करें. Yara अपेक्षा करता है कि व्यावसायिक भागीदार एक उपयुक्त पर्यावरण नीति और एक पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली लागू करेंगे, जो उनके संचालन और उत्पादों के पूरे जीवन चक्र से संबंधित पर्यावरणीय प्रभावों और जोखिमों को शामिल करती हो. प्राकृतिक संसाधनों, ऊर्जा और पानी के उपयोग को इष्टतम बनाने और हवा, पानी और भूजल, मिट्टी, जैव विविधता और जलवायु पर नकारात्मक प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और सेवाओं के उपयोग की भी अपेक्षित है.

## 9) शिकायत निवारण तंत्र

Yara अपने व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा करता है कि वे कर्मचारियों और प्रभावित हितधारकों के लिए सुलभ, गोपनीय और प्रतिशोध मुक्त रिपोर्टिंग तंत्र लागू करें, साथ ही शिकायतों के समाधान के लिए प्रक्रियाएं भी स्थापित करें.

Yara के कर्मचारियों, सलाहकारों या ठेकेदारों अथवा हमारे प्रत्येक व्यावसायिक भागीदार के आचरण से संबंधित कोई भी उल्लंघन या चिंता के विषय की सूचना तुरंत Yara के नैतिकता और अनुपालन विभाग को ethics@yara.com पर दी जानी चाहिए

Yara की नैतिकता हॉटलाइन व नैतिकता और अनुपालन टीम के बारे में विवरण के लिए www.yara.com देखें.

अगस्त 2026